रेलवे ओवरब्रिज पर गहरे गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा

खास बातें

- मरम्मत पर लाखों खर्च, फिर भी नहीं सुधरी हालत
- लोहे के सरिए तक आए बाहर, रात में रोशनी के अभाव से बढ़ रही परेशानी
- राहगीरों ने की तत्काल मरम्मत की मांग

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, रेलवे स्टेशन के समीप बरेठ मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रिज की हालत लगातार खराब होती जा रही है. ब्रिज पर कई स्थानों पर दो से तीन फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं, जबकि कई जगहों पर कंक्रीट उखड़ने से लोहे के सरिए भी बाहर निकल आए हैं. इससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है.

यह ओवरब्रिज उदयपुरा, भानपुरा, बामोरा, मंडी बामोरा, कुरवाई, बीना तथा आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए प्रमुख आवागमन मार्ग है. प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं. ऐसे में सड़क पर बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं.स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय ब्रिज पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से गड्ढे दिखाई नहीं देते. इससे वाहन चालक अचानक संतुलन खो बैठते हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है.नागरिकों ने आरोप लगाया कि प्रत्येक वर्ष बरसात से पहले और बाद में रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क की स्थिति जस की तस बनी रहती है. लोगों ने सवाल उठाया है कि यदि नियमित और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत होती है तो हर वर्ष यही समस्या क्यों सामने आती है.स्थानीय नागरिकों ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संबंधित इंजीनियरों से ओवरब्रिज का तत्काल निरीक्षण कर गड्ढों की स्थायी मरम्मत कराने, बाहर निकले सरियों को सुरक्षित ढंग से ठीक करने तथा ब्रिज पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है. उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है.

दृष्टिबाधित छात्रा अदिति चक्रवर्ती को मिला लैपटॉप

नवभारत न्यूज

विदिशा, शेरपुरा स्थित कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दृष्टिबाधित प्रतिभाशाली छात्रा अदिति चक्रवर्ती को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से लैपटॉप भेंट किया गया. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभा कभी भी परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती. दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है.कार्यक्रम में अदिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि वह अपनी लगन, परिश्रम और प्रतिभा के दम पर सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी तथा समाज के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी.इस अवसर पर कहा गया कि शिक्षा ही सशक्त समाज की सबसे मजबूत नींव है. दिव्यांग विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास लगातार किए जाने चाहिए, ताकि वे अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ सकें.कार्यक्रम में अदिति चक्रवर्ती को उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गईं. साथ ही शिक्षा, सशक्तिकरण और सेवा के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास के अवसर पहुंचाने के संकल्प को दोहराया गया.

शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटने पर ग्रामीणों में नाराजगी

- कलेक्टर के आदेश के पालन पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा . तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत उदयपुर में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय भूमि पर पक्का भवन निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया है. इसकी शिकायत लिखित रूप से जिला प्रशासन से की गई थी, लेकिन आदेश जारी होने के बाद भी अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया.

ग्रामीणों के अनुसार शिकायत पर कलेक्टर विदिशा ने एसडीएम एवं तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए थे. इसके बाद एसडीएम द्वारा नायब तहसीलदार को कार्रवाई के आदेश भी जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद मौके पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई.इस मामले को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है. उनका कहना है कि जब उच्च अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है तो इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं. ग्रामीणों ने आशंका जताई कि कार्रवाई में अनावश्यक देरी से मिलीभगत की स्थिति होने का संदेह उत्पन्न हो रहा है.ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कलेक्टर के आदेश का तत्काल पालन कराया जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए.

दिनदहाड़े शिव मंदिर में भक्त बनकर घुसा चोर

- सोना समझ पीतल के आभूषण लेकर फरार
- नंदी महाराज के आभूषण चोरी

नवभारत न्यूज

पठारी 15 जुलाई, नगर के मुख्य फार्म चौराहा स्थित शिव मंदिर में मंगलवार दोपहर एक शातिर चोर ने भक्त बनकर प्रवेश किया और मंदिर से नंदी महाराज के पीतल के आभूषण चोरी कर फरार हो गया. घटना के बाद क्षेत्र के श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश तेज कर दी है.

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे एक युवक मंदिर में दर्शन करने के बहाने पहुंचा. प्रत्यक्षदर्शी सुखमणि कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने युवक को मंदिर में प्रवेश करते देखा था, लेकिन उसे सामान्य श्रद्धालु समझा. कुछ देर बाद वह मंदिर से बाहर निकला और आसपास मौजूद लोगों से पूछा कि ये फूल कहां डाल दें? इसके बाद वह फार्म चौराहे की ओर चला गया.शाम करीब 5 बजे जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो देखा कि नंदी महाराज के ऊपर लगे पीतल के आभूषण गायब हैं और प्रतिमा के पास सामान बिखरा पड़ा है.

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने शुरू की तलाश

घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोगों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें एक संदिग्ध युवक मंदिर में आते-जाते दिखाई दिया.इसके बाद स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह को आवेदन सौंपकर मंदिर में चोरी करने और धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की. थाना प्रभारी ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू कराई है.मंदिर में चोरी की घटना और नंदी महाराज के आभूषण चोरी होने से श्रद्धालुओं, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है. लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है.

सेंट मैरी कॉलेज की एनसीसी यूनिट ने आयोजित किया कौशल विकास पर सेमिनार

- युवा सेतु ऐप, रोजगार के अवसर और आधुनिक कौशलों पर विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

विदिशा, 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा की कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अंशुभान सिंह के आदेश एवं लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैध के मार्गदर्शन में सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय, विदिशा की एनसीसी यूनिट द्वारा आधुनिक कौशलों के लिए आवश्यक कौशलों में परिवर्तन विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेटों ने सहभागिता की.सेमिनार की मुख्य वक्ता प्रोफेसर उषा टिग्ग (सैटी डिग्री कॉलेज, विदिशा) ने वर्तमान समय में बदलती रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने भारत सरकार के युवा सेतु ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी कैडेट इस प्लेटफॉर्म पर स्वयं को पंजीकृत कर अपना जॉब प्रोफाइल तैयार कर सकते हैं तथा घर बैठे इंटरव्यू, प्लेसमेंट और रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवाओं के पास आधुनिक तकनीकों के माध्यम से आगे बढ़ने के अनेक अवसर हैं. उन्होंने छात्रों से अपने कौशल को लगातार विकसित करने और नई तकनीकों का लाभ उठाकर बेहतर रोजगार प्राप्त करने का आह्वान किया.महाविद्यालय के संचालक फादर सिन्टो वर्गिस ने कहा कि चाहे एनसीसी कैडेट हों या सामान्य विद्यार्थी, सभी के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है. बेहतर कौशल ही व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है और राष्ट्र निर्माण में उसकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करता है.एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. रामानंद मिश्रा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह व्याख्यान कैडेटों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा. उन्होंने कहा कि एनसीसी के साथ-साथ कौशल विकास भी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है.कार्यक्रम में 14 एमपी बटालियन से बलकार सिंह, अंडर ऑफिसर अदिति बड़ोदिया, अंडर ऑफिसर रितिक दांगी, सार्जेंट शिवा शर्मा, नितेश प्रजापति, सीपीएल ऋषि कुशवाहा सहित लगभग 60 एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे.

नशे में धुत युवक मकान के बाहर सोया, मकान मालिक रहे परेशान

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा . नगर के वार्ड क्रमांक 3 में उस समय अजीब स्थिति बन गई, जब एक अज्ञात युवक नशे की हालत में एक मकान के मुख्य दरवाजे के सामने आकर सो गया. युवक अपने पास एक बैग रखे हुए था और गहरी नींद में होने के कारण काफी देर तक नहीं उठा.

जानकारी के अनुसार यह घटना शांति कुमार जैन के निवास के सामने की है. सुबह जब परिवार के लोगों ने युवक को दरवाजे पर सोता देखा तो उसे कई बार आवाज लगाकर और उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह नशे के कारण उठ नहीं सका.मकान मालिक ने इसके बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी और युवक को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए सहयोग मांगा. काफी देर तक लोग उसे जगाने का प्रयास करते रहे.स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर नशे की हालत में इस तरह पड़े रहने से न केवल व्यक्ति की सुरक्षा खतरे में रहती है, बल्कि आम नागरिकों को भी असुविधा होती है. लोगों ने ऐसे मामलों में पुलिस की नियमित गश्त बढ़ाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है.

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के चलते आज स्कूलों की 11 बजे छुट्टी, परीक्षाएं भी स्थगित

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा के आयोजन को देखते हुए गुरुवार 16 जुलाई को नगर के सभी विद्यालयों की छुट्टी सुबह 11 बजे कर दी गई है. इसके साथ ही इस दिन प्रस्तावित परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया गया है. यह निर्णय रथयात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है.

धार्मिक आयोजन के चलते नगर के प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रहने की संभावना है. ऐसे में विद्यालयों की समयपूर्व छुट्टी किए जाने से विद्यार्थियों को सुरक्षित घर पहुंचने में सुविधा मिलेगी और यातायात पर भी अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा.परीक्षाएं स्थगित किए जाने से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को भी राहत मिलेगी. साथ ही इच्छुक छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा में शामिल होकर दर्शन का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे.इस निर्णय को लेकर धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है. श्रद्धालुओं का कहना है कि इससे धार्मिक आयोजन की गरिमा बनाए रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधा का भी ध्यान रखा गया है.

श्रद्धालुओं से गुलजार हुआ गयानाथ धाम, उपलों की आंच पर बनती आस्था की बाटी

- सदियों पुरानी परंपरा आज भी जीवंत
- भोलेनाथ को चढ़ता है चूरमे का भोग, सावन में लगता है भव्य मेला

नवभारत न्यूज

पठारी . नगर के सिद्ध क्षेत्र गयानाथ पहाड़ी पर आषाढ़ माह की शुरुआत के साथ ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है. सुबह से शाम तक गुफा मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तों की मौजूदगी से गुलजार रहता है. नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में परिवार यहां पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर रहे हैं.

इस सिद्ध क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता सदियों पुरानी वह परंपरा है, जिसमें श्रद्धालु गाय के गोबर के उपलों की आंच पर दाल-बाटी तैयार करते हैं और हाथों से चूरमा बनाकर भगवान भोलेनाथ को भोग अर्पित करते हैं. मान्यता है कि भोलेनाथ को घर से तैयार भोजन नहीं चढ़ाया जाता. श्रद्धालु मंदिर परिसर में ही बाटी सेंकते हैं, चूरमे के लड्डू बनाते हैं और सबसे पहले भगवान को भोग लगाते हैं. इसके बाद पूरा परिवार प्रसाद ग्रहण करता है. श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस विधि से पूजा करने पर परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है.स्थानीय निवासी नारायण प्रसाद साहू ने बताया कि उनका परिवार वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन कर रहा है. उन्होंने कहा कि हजारिया महादेव के प्रति लोगों की अटूट आस्था है. जो श्रद्धालु एक बार यहां दर्शन करने आता है, वह प्रत्येक आषाढ़ और सावन में पुन: दर्शन के लिए अवश्य पहुंचता है. यदि किसी कारण से स्वयं नहीं आ पाता तो अपने परिचितों के माध्यम से नारियल और प्रसाद भेजकर श्रद्धा अर्पित करता है.

हर शुभ कार्य की शुरुआत होती है गयानाथ धाम से

गुफा परिसर में अनेक परिवार सत्यनारायण भगवान की कथा, हवन और विशेष पूजन भी कराते हैं. नवविवाहित दंपती वैवाहिक सुख, संतान प्राप्ति और समृद्ध जीवन की कामना लेकर भोलेनाथ के दरबार में शीश नवाते हैं. मंदिर के नीचे परिवारों का एक साथ बैठकर प्रसाद बनाना और भोजन करना इस धार्मिक स्थल की अनूठी पहचान बन चुका है.

पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर पुत्र ने रोपा पाखर का पौधा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा . श्रमदान दल द्वारा संचालित साप्ताहिक पौधारोपण अभियान 5.0 के अंतर्गत बुधवार को विजय हनुमान मंदिर के समीप पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में स्वर्गीय सरदार सिंह कुशवाह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र एवं भारतीय रेलवे के टेक्नीशियन राहुल कुशवाह ने पाखर का पौधा लगाकर अपने पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.इस अवसर पर पाखर, बादाम और कटहल सहित तीन पौधे लगाए गए. उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि किसी प्रियजन की स्मृति को चिरस्थायी बनाने का सबसे अच्छा माध्यम पौधारोपण है.

श्रमदान दल के सदस्यों ने बताया कि पाखर वृक्ष अपनी घनी छाया, दीर्घायु, जैव विविधता संरक्षण और औषधीय गुणों के कारण विशेष महत्व रखता है. यह वृक्ष आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और जीवनदायी प्राणवायु प्रदान करता है. कार्यक्रम में कुलदीप दांगी, शरद ओझा, दीपेश शर्मा, अशोक वैष्णव, नितीन अग्रवाल, रुद्रांश सिंह, आकाश जैन सहित श्रमदान दल के सदस्य उपस्थित रहे.

मौन सूचना
विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए नि:शुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.
ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.
मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

पं. यशवंत अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में प्रस्तुत करेंगे शोध

नवभारत न्यूज

सिरोंज, उज्जैन में 18 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में सिरोंज के विद्वान आचार्य पंडित यशवंत नाथ रुद्र सहभागिता करेंगे. सम्मेलन में वे ज्योतिष की विभिन्न प्राचीन एवं दुर्लभ विधाओं पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे.पंडित यशवंत नाथ रुद्र ने बताया कि सम्मेलन में लगभग 18 देशों के करीब 200 से अधिक विद्वान भाग लेंगे. इस दौरान ज्योतिष की विभिन्न शाखाओं से जुड़े लुप्तप्राय ज्ञान, अनुसंधान एवं परंपरागत विधाओं पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे तथा विचार-विमर्श होगा.उन्होंने बताया कि वे सम्मेलन में कौड़ी शास्त्र, रमल शास्त्र, पंच पक्षी शास्त्र तथा मूक विद्या शास्त्र विषयों पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे. उनके सम्मेलन में चयन एवं सहभागिता को सिरोंज क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया जा रहा है.उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के नागरिकों, शुभचिंतकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

फ्रीगंज वार्ड में महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप

- रात्रि में नशाखोरी और गाली-गलौज से दहशत का माहौल
- बदमाशों पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा . रेलवे स्टेशन के निकट स्थित फ्रीगंज वार्ड क्रमांक 1 के रहवासियों ने क्षेत्र में महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़, मारपीट तथा असामाजिक गतिविधियों की घटनाएं बढ़ने का आरोप लगाया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि कई मामलों में थाने में शिकायत भी की गई है, लेकिन क्षेत्र में अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है.

रहवासियों के अनुसार वार्ड में शाम और रात्रि के समय कुछ असामाजिक तत्व नशे की हालत में गाली-गलौज और उत्पात मचाते हैं. इससे महिलाओं, युवतियों और बुजुर्गों को घर से निकलने में असुरक्षा महसूस होती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि गरीब परिवारों की महिलाएं लगातार दहशत के माहौल में जीवन व्यतीत कर रही हैं.निवासियों का कहना है कि रातभर होने वाले शोर-शराबे और अभद्र व्यवहार के कारण लोगों की नींद भी प्रभावित हो रही है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है.रहवासियों का कहना है कि यदि रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और लगातार निगरानी रखी जाए तो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बेहतर होगी तथा महिलाओं और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी.

आयोजन भगवान जगन्नाथ रथयात्रा पर रहेगी ड्रोन कैमरों की नजर, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

तीन स्थानों से निकलेगी रथयात्रा, पुलिस बल रहेगा तैनात, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा . भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं. इस वर्ष नगर में एक साथ तीन प्रमुख मंदिरों से रथयात्राएं निकाली जाएंगी, जिन्हें देखते हुए प्रशासन ने ड्रोन कैमरों से निगरानी कराने का निर्णय लिया है. रथयात्रा के पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी.



प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक में तय किया गया कि रथयात्रा के दौरान ड्रोन कैमरों के माध्यम से पूरे मार्ग की निगरानी की जाएगी, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके. रथों के साथ पुलिस के जवान भी चलेंगे तथा प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी.गौरतलब है कि गंजबासौदा में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा वर्षों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकलती रही है. स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक रथयात्रा के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई है. नगर में सभी समुदायों का सहयोग इस धार्मिक आयोजन में देखने को मिलता है.रथयात्रा के दौरान मुस्लिम समाज के लोग भी कई स्थानों पर श्रद्धापूर्वक भगवान जगन्नाथ स्वामी की पूजा-अर्चना कर स्वागत करते हैं. विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा, पेयजल और प्रसादी वितरण की व्यवस्था की जाती है, जिससे नगर की सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता की परंपरा मजबूत होती रही है.प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं किसी विशेष आशंका के कारण नहीं, बल्कि एहतियात और भीड़ प्रबंधन के उद्देश्य से की गई हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ स्वामी के दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकें.

एक्सीलेंस महाविद्यालय में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा . नगर पालिका परिषद गंजबासौदा द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय (एक्सीलेंस) में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की थीम हर विद्यार्थी . पांच परिवार रखी गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया.कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा ने विद्यार्थियों को डायरिया, हैजा, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया सहित विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, भोजन से पहले और शौच के बाद नियमित रूप से हाथ धोने, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करने, जलभराव रोकने तथा घर और आसपास साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया.इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं स्वच्छता अपनाएंगे और अपने अलावा कम से कम पांच परिवारों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे. इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना तथा जनसहभागिता के माध्यम से संक्रामक रोगों की रोकथाम करना है.कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया, दिनेश कुमार ओझा, अनिल दुबे, समीक्षा जैन, शिपांजना शर्मा, भावना अग्रवाल, साधना दीक्षित, प्रीति सक्सेना सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.नगर पालिका परिषद की सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया.